तापमान
अधिकतम 17 .5 डिग्री
न्यूनतम 3 .9 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026

9 मतदान लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी : नगराधीश


10 सर्वजातीय सिंहमार खाप नशे पर लगाएगी रोक


## खबर संक्षेप

### लोकतंत्र की सुदृढ़ता मतदाताओं पर निर्भर

**हिसार।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत केंद्र हिसार द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज से भिवानी रोहिल्ला गांव तक निकाली गई। इसका शुभारंभ महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के अध्यक्ष भारत भूषण ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

### गुर्जर कल्याण सभा ने लगाया भंडारा

**हिसार।** गुर्जर कल्याण सभा की ओर से रविवार को समाज के लोक देवता भगवान श्री देवनारायण की 1114वीं जयंती पर बरवाला चुंगी स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा प्रधान राधाकृष्ण खटाणा मुख्य अतिथि रहे। आयोजन की अध्यक्षता सभा के महासचिव एडवोकेट कृष्ण खटाणा ने की।

### मताधिकार लोकतंत्र की आत्मा : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त मतदाता जागरूकता शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

## शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे ध्वजारोहण, लेंगे परेड की सलामी

# गणतंत्र दिवस की सभी तैयारियां पूरी, चप्पे-चप्पे पर कड़ा पहरा

- आम जनता एवं कलाकारों को पंचायत भवन की ओर के गेट से मिलेगी एंट्री
- फव्वारा चौक से राजकीय महाविद्यालय तक विशेष रूट व्यवस्था लागू रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की पुलिस व प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि होंगे और परेड की सलामी लेंगे। महाविद्यालय के अंदर तथा आसपास के एरिया में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है। आम जनता एवं कलाकारों के प्रवेश के लिए पंचायत भवन की ओर का द्वार निर्धारित किया गया है, जहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बिना तलाशी किसी भी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को रिजर्व में रखा गया है।




हिसार। राजकीय कॉलेज में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए सजाया गया मंच। *फोटो : हरिभूमि*

### समारोह के दृष्टिगत धारा-163 लागू

जिलाधीश महेंद्र पाल ने 26 जनवरी को गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दृष्टिगत सभी कार्यक्रम स्थलों पर कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में वर्णित प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल को ड्रोन नियम 2021 के तहत रेड जोन घोषित करते हुए निषेधाज्ञा के आदेश पारित किए गए हैं। उपरोक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 व अन्य प्रावधानों के तहत दण्ड का भागी होगा।

### परेड के साथ होगा सम्मान समारोह

गणतंत्र दिवस परेड की कमांड डीएसपी प्रिया संभालेंगी। परेड में जिला पुलिस की 2 प्लाटून, हरियाणा सशस्त्र पुलिस की 1 प्लाटून, हरियाणा गृह रक्षी की 1 प्लाटून, एनसीसी (लड़के एवं लड़कियों) की 2 प्लाटून तथा स्काउट की 2 प्लाटून भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह के दौरान प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए डीएसपी तरुण शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। फव्वारा चौक से राजकीय महाविद्यालय तक विशेष रूट व्यवस्था लागू की गई है। पंचायत भवन गेट, राजगढ़ रोड तथा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर नाकाबंदी की गई है।

### पुलिस के विशेष पुख्ता प्रबंध

गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस ने विशेष एवं पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। समारोह से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था के तहत कार्यक्रम स्थल पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इसके साथ-साथ बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, होटल, ढाबे, धर्मशालाएं, गेस्ट हाउस एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों की गहनता से जांच की जा रही है।
**-शशांक सावन**, एसपी, हिसार।

# राखीगढ़ी के 3 टीलों पर खुदाई शुरू

- खुदाई में पता चलेगा कि सभी सातों टीलों का आपस में क्या होता था संबंध



नारनौंद। राखीगढ़ी के टीले एक पर खुदाई करने वाले छात्रों के साथ पुरातत्व विभाग के महानिदेशक वाई एस रावत व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग दिल्ली के महानिदेशक वाई एस रावत के नेतृत्व में टीलें एक पर खुदाई हो रही हैं। खुदाई के तीसरे दिन तीनों टीलों पर काम शुरू हो गया है। ऊपरी सतह पर जो मिट्टी होती हैं वो हजारों साल पहले की न होकर नई होती हैं। इसलिए गहराई तक खुदाई करने के बाद ही पुरानी सभ्यता के अवशेष मिलते हैं। वही अबकी बार टीलों के किनारों की खुदाई की जा रही हैं। जैसे-जैसे खोदाई आगे बढ़ती रहेगी वैसे-वैसे ही इस सभ्यता के स्वरूप देखा जा सकेगा। पहली बार ही सभी सातों टीलों पर एक साथ खुदाई होने वाली है। खुदाई में यह देखा जा सकेगा कि सभी सातों टीलों का आपस में क्या संबंध होता था और यह अलग-अलग किन परिस्थितियों में हुए होंगे। तीन टीलों पर खुदाई शुरू हो चुकी है। जल्द ही ट्रेंच बनाकर बाकी बचे चार और टीलों पर खोदाई का काम शुरू होगा। खुदाई क बाद गांव या शहर का जो स्वरूप होता था उसका भी पता लगाया जा सकेगा।

उधर, जिला पार्षद दिनेश श्योराण, धर्मपाल लोरा, वजीर सिंह, मास्टर रमेश कुमार, विक्की ने बताया कि गांव में हड़प्पा कालीन सभ्यता की सबसे बड़ी साइट है।

### कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी

खुदाई शुरू हो चुकी हैं। अभी शुरुआती दौर है। कुछ कहना जल्दबाजी होगा। लेकिन जो चीज सबसे पहले की जानी चाहिए थी हमने वहीं से इसको शुरू किया है। खुदाई के बाद पूरी रिपोर्ट बनाई जाएगी। **-वाई एस रावत,** महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, दिल्ली।

### युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**हिसार।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से गांव लाडवा में चल रही चार दिवसीय भगवान शिव कथा के तीसरे दिन उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए साध्वी दिवेश भारती ने कहा कि समाज में फैल रही नशाखोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए युवाओं को एक जागरूक नशा मुक्त और सकारात्मक जीवन शैली को अपनाने की जरुरत है।

साध्वी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शरीर को नष्ट करता है बल्कि बुद्धि, सोच, विचार, समाज और संपूर्ण राष्ट्र की जड़ों को खोखला कर देता है। उन्होंने बताया ब्रह्मज्ञान आधारित आत्मिक जागृति जैसे उपाय द्वारा लोगों को नशे की प्रवृत्तियों से बाहर लाया जा सकता है।

# पुलिसकर्मियों को दिलाई मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

जिला सचिवालय परिसर में रविवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर वेलफेयर निरीक्षक सरोज द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी पुलिस कर्मचारियों को आगामी चुनावों के दृष्टिगत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

**पुलिस कर्मी स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की मर्यादा का सम्मान करेंगे: सरोज**

कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मचारियों को लोकतंत्र के मूल्यों के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई कि वे भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं में पूर्ण आस्था रखते हुए उसकी गरिमा को बनाए रखेंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की मर्यादा का सम्मान करेंगे।



हांसी। पुलिस कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाती वेलफेयर इंस्पेक्टर सरोज। *फोटो : हरिभूमि*






## खबर संक्षेप

### सूर्य नमस्कार शरीर का संपूर्ण व्यायाम : पूनम

**नारनौंद।** आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को गांव पेटवाड़ के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयुष योग सहायक पूनम राजथल ने छात्रों को सूर्य नमस्कार करवाया। उन्होंने छात्रों को दिनचर्या वह नित्य योग करने के लिए संकल्प भी दिलाया। सूर्य नमस्कार शरीर का संपूर्ण व्यायाम है। योग करने से मानसिक तनाव ओर काफी बीमारियों से बचा जा सकता है।

### देवीगढ़ में शिविर, 260 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**बरवाला।** बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट द्वारा गांव देवीगढ़ पुनिया में 14वां साप्ताहिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 260 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं रक्त परीक्षण की सुविधाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ संदीप और महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एकता तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मनदीप सिंह की उपस्थिति में नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### दो दिवसीय साधना शिविर का आयोजन

**हिसार।** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा दो दिवसीय साधना शिविर का आयोजन किया गया। कौशल वाटिका में आयोजित इस शिविर में स्वामी सदानंद गिरी एवं ब्रह्मचारी हरिप्रियानंद ने परमहंस योगानंद द्वारा प्रदान की गई क्रिया योग विज्ञान एवं ध्यान की विभिन्न प्रविधियों को सिखाया।

### 'मन की बात' कार्यक्रम करता जन-जन को प्रेरित

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम जन-जन को प्रेरित करने वाला होता है। इससे प्रेरित होकर देश के लाखों लोगों ने जहां स्वरोजगार अपनाया है वहीं जनल्याण के अन्य कार्यों में भी भागीदारी की है। वे मन की बात कार्यक्रम का 130वां एपिसोड सुन रही थीं।

### एनआईआरसी मनाएगी गणतंत्र दिवस समारोह

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा के सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण करके अमर शहीदों को याद किया जाएगा।

### अंडरपास बनाने की मांग ने जोर पकड़ा

**उकलाना।** अंडरपास की मांग को लेकर चल रहा धरना दसवें दिन में प्रवेश कर गया। स्वर्गद्वार आश्रम कमेटी के प्रधान रोशन मित्तल के नेतृत्व में कमेटी के सदस्यों ने धरनास्थल पर पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर रामकिशन मुंजाल, सुशील साहूवाला सहित अनेक गणमान्य नागरिक धरने को समर्थन देने पहुंचे।

### सीएम नायब सैनी के जन्मदिवस पर किया हवन-यज्ञ का आयोजन

# सीएम सैनी एक सरल, कर्मठ और जनसेवक नेता : भयाना

*विधायक के साथ सैकड़ों लोगों ने आहुति डाल कर सीएम के दीर्घायु होने की कामना की*

**मुख्यमंत्री की कार्यशैली पारदर्शी, संवेदनशील और जनहितकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस के अवसर पर नई अनाज मंडी परिसर में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता के वातावरण में हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक विनोद भयाना ने आहुति डालकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की कामना की।

हवन यज्ञ में विधायक विनोद भयाना की धर्मपत्नी सुनीता देवी तथा उनके पुत्र साहिल भयाना भी उपस्थिति रहे। हवन यज्ञ के आयोजन का उद्देश्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्म दिवस को सेवा, संस्कार और सामाजिक सौहार्द के भाव के साथ मनाना रहा।



हांसी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस पर आयोजित हवन में आहुति डालते विधायक विनोद भयाना व अन्य।

हवन यज्ञ में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर विकास की कामना की। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक सरल, कर्मठ और जनसेवक नेता हैं, जिनके नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश तेजी से चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिनका सीधा लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली पारदर्शी, संवेदनशील और जनहितकारी है, जिससे प्रदेश में विकास और विश्वास दोनों मजबूत हुए हैं। विधायक भयाना ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों और लंबे समय तक प्रदेश को कुशल नेतृत्व प्रदान करते रहें।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, नवीन ठाकुर, नरेंद्र मलिक, गोलू चावला, रामफल बूरा, राजपाल श्योराण, पवन शर्मा सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे।


हांसी। सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक का लोकार्पण करते विधायक विनोद भयाना।

### चार भव्य तिरंगा लाइट पोल लगाए

# सरदार वल्लभभाई पटेल चौक का किया लोकार्पण

- चौक के निर्माण पर लगभग साढ़े 19 लाख रुपये की अनुमानित राशि खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सिसाय पुल के समीप नवनिर्मित सरदार वल्लभभाई पटेल चौक का रविवार को विधायक विनोद भयाना ने लोकार्पण तथा चौक पर बनी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया।

विधायक विनोद भयाना ने बताया कि यह चौक धौलपुर के आकर्षक और टिकाऊ पत्थर से निर्मित किया गया है, जो अपनी मजबूती और सुंदरता के लिए जाना जाता है। चौक के चारों ओर चार भव्य तिरंगा लाइट पोल लगाए गए हैं, जो रात के समय चौक की शोभा को और अधिक मनोरम बना देते हैं। इसके अतिरिक्त, चौक के चारों तरफ स्टील की मजबूत ग्रिल भी लगाई गई है, जिससे चौक की सुरक्षा के साथ-साथ सौंदर्य में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि इस चौक के निर्माण पर लगभग साढ़े 19 लाख रुपये की अनुमानित राशि खर्च की गई है।

**पटेल चौक के निर्माण से शहर की सुंदरता में चार चांद लगेंगे: भयाना**

भयाना ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल चौक के निर्माण से न केवल शहर की सुंदरता में चार चांद लगेंगे, बल्कि इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी अधिक सुचारू होगी। सिसाय पुल के आसपास अक्सर ट्रैफिक का दबाव रहता है, ऐसे में चौक के सुव्यवस्थित निर्माण से ट्रैफिक नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। विधायक विनोद भयाना ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की एक महान शख्सियत थे।

# पटाखे ले जा रहा ट्रक ब्रेकर पर उछला, विस्फोट

- सदर क्षेत्र के गांव भिवानी रोहिला के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के सदर थाना क्षेत्र के गांव भिवानी रोहिला के पास पटाखे लेकर जा रहे ट्रक में विस्फोट हो जाने से ट्रक की पूरी बॉडी फट गए और पटाखे सड़क पर बिखर गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा ब्रेकर पर ट्रक के उछलने की वजह से हुआ लेकिन हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस मामले की जांच में लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक ट्रक करनाल से पटाखों की खेप लेकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहा था। जैसे ही यह गाड़ी सदर क्षेत्र के गांव भिवानी


हिसार। ट्रक में विस्फोट के बाद सड़क पर बिखरे पड़े पटाखे।

रोहिला के पास पहुंची और ब्रेकर से निकलने का प्रयास किया तो गाड़ी उछल गई और इसमें धमाका हो गया। अचानक हुए धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग सतर्क हो गए और कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात भी बाधित हो गया। विस्फोट के बाद ट्रक चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी को तुरंत गांव के रिहायशी इलाके से बाहर निकाला और चालक ने ही बिना देरी किए दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट के बावजूद ट्रक में आग नहीं लगी, जिस कारण बड़ा हादसा टल गया।

**नुकसान टला**

घटना की सूचना मिलने पर बालसमंद पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जयबीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह विस्फोट कुछ देर बाद गांव के अंदर होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विस्फोटक सामग्री ले जाने वाले वाहनों की नियमित जांच की जाए।

### पूर्व मंत्री गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात'

**हिसार।** राजगुरु मार्केट स्थित शहरी मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 130वें एपिसोड का सामूहिक टीवी प्रसारण किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने स्थानीय निवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, दीपक अग्रवाल शंकर गोस्वामी, रंजीव राजपाल, बलबीर भूम्बक, विनोद कुमार, रवि महत्ता आदि उपस्थित रहे।




## स्वयं सैनी राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिखाएगा दमखम

- शहर की शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी का खिलाड़ी है स्वयं सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर की शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी का खिलाड़ी स्वयं सैनी इसी माह राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएगा। एकेडमी के कोच साहिल थरेजा ने बताया कि स्वयं सैनी का नेशनल खेलों में खेलने के लिये सितम्बर में हुई स्कूलों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने के बाद चयन किया गया था। गत दिवस फरीदाबाद में हुए ट्रायल में भी स्वयं सैनी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी छाप छोड़ी। राष्ट्रीय स्तर


हिसार। बैडमिंटन खिलाड़ी स्वयं सैनी अपने कोच साहिल थरेजा के साथ।

पर 30 जनवरी को बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी जिसमें स्वयं सैनी अपने हुनर का परिचय देगा। कोच साहिल थरेजा ने स्वयं सैनी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# एनआईए महानिदेशक सम्मानित

- सहस्त्र चंडी पाठ एवं शिव महा रुद्राभिषेक उत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सामाजिक संस्था सजग एवं हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन की ओर से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक एवं वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) कार्यालय, दिल्ली की उप महानिदेशक (केंद्रीय क्षेत्र) रश्मि अग्रवाल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाबड़ा स्थित पांडवकालीन प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी पाठ एवं शिव महा रुद्राभिषेक उत्सव के अवसर पर


हिसार। राकेश अग्रवाल व रश्मि अग्रवाल को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**पाबड़ा गांव से पारिवारिक संबंध**

सत्यपाल अग्रवाल ने बताया कि राकेश अग्रवाल का पारिवारिक संबंध पाबड़ा गांव से रहा है तथा मां चण्डके देवी मंदिर के प्रति उनकी गहरी आस्था है। उनकी राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं आध्यात्मिक जुड़ाव को दृष्टिगत रखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया।

प्रदान किया गया। इस अवसर पर सत्यपाल अग्रवाल, जगदीश तायल, दीपक गर्ग एवं विनोद बंसल आदि मौजूद रहे।




### स्कूल में विभिन्न रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गई

# रॉयल स्कूल खारा-खेड़ी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

*राष्ट्रीय प्रतीकों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन*

- स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह ने दी शुभकामनाएं
- छठी ,सातवीं के छात्रों ने नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी के स्कूल परिसर में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ एक विशेष प्रार्थना सभा से किया गया, जिसे सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा


हिसार। गणतंत्र दिवस समारोह में अपनी प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किए गए, जो विभिन्न संस्कृतियों पर आधारित थे। इसके बाद विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस पर प्रभावशाली भाषण तथा कविताएं प्रस्तुत की जिसे सुनकर प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में देशभक्ति की भावनाएं भर उठी। इसी क्रम में स्कूल में विभिन्न रचनात्मक व ज्ञानवर्धक गतिविधियां भी आयोजित की गई। तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**प्रस्तावना लेखन का आयोजन**

चौथी तथा पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सुलेख (कैलिग्राफी) में प्रस्तावना लेखन किया। कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों ने हिंदी में नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा, स्कूल प्रिंसिपल जानूप्रिया कथूरिया ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।



हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026


तापमान
अधिकतम 17 .5 डिग्री
न्यूनतम 3 .9 डिग्री

## लड़की पर शादी के लिए दबाव बनाने और धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शादी के लिए दबाव डालने और धमकियां देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरपाल खां पुत्र छोटा खां निवासी फतेहपुरी के रूप में हुई है। महिला शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले कुछ समय से लगातार उनके ऊपर शादी के लिए दबाव डाल रहा था और धमकियां दे रहा था। आरोपी ने कहा कि यदि वह उससे शादी नहीं करेगी तो वह आत्महत्या करेगा और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएगा।

### खबर संक्षेप



**हिसार।** पेंटिंग अभियान में हिस्सा लेने वाली टीम। *फोटो : हरिभूमि*

## 'हमारा प्यार हिसार' ने चलाया पेंटिंग अभियान

**हिसार।** गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व, ठिठुरती सर्दी के बावजूद हमारा प्यार हिसार के सदस्य रविवार की सुबह एक बार फिर शहर को संवारने के संकल्प के साथ घरों से निकले। उद्देश्य था- एक और दीवार को रंगों से निखारना। टीम ने केनाल कॉलोनी की बाहरी दीवार पर अपना पेंटिंग अभियान आगे बढ़ाया। सबसे पहले दीवार की पूरी तरह सफ़ाई की गई, उसके बाद उस पर टेराकोटा रंग किया गया। देखते ही देखते दीवार की पुरानी पहचान बदल गई और पूरी दीवार निखर उठी।

## उद्घोषित आरोपी को किया गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रामफल उर्फ पप्पू निवासी कापड़ो के रूप में हुई है। थाना नारनौंद में तैनात मुख्य सिपाही सन्दीप कुमार के अनुसार आरोपित युवक के विरुद्ध वर्ष 2017 में थाना नारनौंद में लड़ाई-झगड़े के मामले में मामला दर्ज किया गया था।सुनवाई के दौरान आरोपित युवक अदालत में पेश नहीं हुआ, जिस पर अदालत द्वारा उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। पहले भी आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था, परंतु पेशी पर अनुपस्थित रहने के कारण दोबारा उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया।

## पुलिस चौकी में दो युवकों की पिटाई पर मचा बवाल

### गुस्साए ग्रामीणों का चौकी परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन

*पंचायत के नाम पर बुलाया, चौकी के एक कमरे के अंदर दोनों की लाठी-डंडों व लात घूसों से पीटा*

- पंचायत के नाम पर लोगों को बुलाकर मारपीट करना पुलिस की वर्दी का दुरुपयोग : ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

शहर की सिसाय पुल पुलिस चौकी में तैनात एक एसपीओ द्वारा दो सगे भाइयों के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों भाइयों के साथ पुलिस चौकी में मारपीट किए जाने की सूचना मिलने पर काफी संख्या गांव सुलेमान बाड़ा के ग्रामीण ने चौकी पहुंच जमकर हंगामा किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पंचायत के बहाने दोनों भाइयों को बुलाकर चौकी के अंदर मारपीट की। गुस्साए ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच लालचंद के नेतृत्व में चौकी परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



**हिसार।** सिसाय पुल चौकी में ग्रामीणों को अपनी चोट दिखाता युवक। फोटो : हरिभूमि

गांव सुलेमान बाड़ा के रहने वाले तेजभान ने बताया कि उसका और उसके बेटे रॉबिन का गांव के ही रोहतास के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए शनिवार दोपहर को पुलिस चौकी में पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत के दौरान तेजभान और उसके छोटे भाई पवन कुमार को चौकी के अंदर एक अलग कमरे में बुलाया गया और कमरे के अंदर दोनों की लाठी-डंडों व लात घूसों से पिटाई की गई। तेजभान और पवन कुमार का आरोप है कि वहां तैनात एसपीओ रमेश सांगवान ने उनके साथ डंडे और लात-घूंसों से मारपीट की। तेजभान ने बताया कि पिटाई के दौरान पुलिस का डंडा तक टूट गया। तेजभान का आरोप है कि एसपीओ रमेश सांगवान, रोहतास का रिश्तेदार है और दबाव बनाकर उनसे झूठा कबूलनामा करवाना चाहता था।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : चौकी इंचार्ज

सिसाय पुल चौकी इंचार्ज एसआई रविकांत ने बताया कि शनिवार को उनकी गणतंत्र दिवस की रिहर्सल में ड्यूटी लगी हुई थी और उनकी गैर मौजूदगी में यह विवाद हुआ। उन्होंने कहा कि मारपीट की शिकायत मिली है। संबंधित एसपीओ रमेश फिलहाल अवकाश पर हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व सरपंच लालचंद के नेतृत्व में प्रदर्शन

घटना के बाद जब दोनों भाई गांव लौटे, तो उन्होंने पूर्व सरपंच लालचंद और अन्य ग्रामीणों को चौकी में की गई मारपीट के बारे में बताया। इसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण रविार को पुलिस चौकी पहुंचे और पुलिस के खिलाफ जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना था कि पंचायत के नाम पर लोगों को बुलाकर मारपीट करना पुलिस की वर्दी का दुरुपयोग है। उन्होंने निष्पक्ष जांच और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## अपने भीतर बसंत आ जाए तो वह शाश्वत रहेगा : संजय



**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में ध्यान का महत्व समझते साधक।

- ध्यान जीवन का बसंत विषय पर ध्यान सत्र आयोजित, साधकों ने समझे असली बसंत के मायने

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बसंत के असली मायने समझाने और जीवन को बसंती, उल्लासमय व आनंदमय बनाने के उपायों पर चर्चा करने के लिए ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। ध्यान जीवन का बसंत विषय पर आयोजित ध्यान सत्र के दौरान स्वामी संजय व मां सांची ने साधकों को असली बसंत का महत्व समझाया और ध्यान विधियों का अभ्यास करवाया। इस दौरान सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में विभिन्न क्षेत्रों से साधक पहुंचे। स्वामी संजय ने कहा कि जब पक्षी चहचहाते हैं, फूल खिलते हैं और हर तरफ हरियाली दिखाई देती है तो ऐसा प्रतीत होता है मानो उत्सव चल रहा हो। मनुष्य जब ध्यान करते हुए अपने भीतर गहरे उतरता है तो उसे भी ऐसे अदभुत उत्सव की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि ऋतुएं बदलती हैं और बसंत आता है। बाहर का बसंत तो ऋतु के अनुसार आता है और चला जाता है लेकिन इंसान के भीतर बसंत आ जाए तो वह जाता नहीं है क्योंकि वह शाश्वत है। उन्होंने कहा कि वास्तविकता तो यह है कि बसंत केवल बाहर दिखने वाला मौसम नहीं है बल्कि मनुष्य की आंतरिक अवस्था है।

## मतदान लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी : नगराधीश

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित
- बूथ लेवल अधिकारियों व छात्रों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगवा के प्रांगण में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश हरिराम ने शिरकत की।उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है और प्रत्येक मतदाता का यह नैतिक दायित्व है कि वह जाति, धर्म, वर्ग और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने विवेक के आधार पर सही उम्मीदवार का चयन करे। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार हर नागरिक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अधिकार है, जिसका प्रयोग सोच-समझकर किया जाना चाहिए। नगराधीश ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र की नींव जागरूक मतदाता से ही रखी जा सकती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश हरिराम ने सभी उपस्थितजन को मतदाता शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



**हिसार।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा को सम्मानित करते नगराधीश हरिराम।


## प्रकाश उत्सव पर रागी जत्थे ने समां बांधा

**हिसार।** गुरु गोबिंदसिंह महाराज का प्रकाश उत्सव नवां गुरुद्वारा बाबा बंदा बहादर रामदास सर, उत्तम नगर में धूमधाम से मनाया गया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरुघर में पहुंचकर माथा टेका। उत्सव की शुरुआत 23 जनवरी को श्रीअखण्ड पाठ द्वारा की गई थी। गुरुद्वारे के सेवादार बाबा त्रिलोचन सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव के दूसरे दिन सायंकाल व रविवार प्रातः कीर्तन किया गया। बाबा त्रिलोचन सिंह ने बताया कि प्रकाश उत्सव में नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली, केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र सुरेन्द्र गंगवा व नलवा के विधायक रणधीर पनिहार के पुत्र भूपेन्द्र पनिहार ने अतिथि के रुप में भाग लिया। आये हुए अतिथियों को गुरुद्वारा के प्रधान स. करनैल सिंह, बाबा त्रिलोचन सिंह, रमेश सेहरा, प्रविन्द्र सिंह ने गुरुघर की ओर से सिरोपा भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इससे पूर्व श्रीअखण्ड पाठ का भोग डाला गया। भाई इन्द्रजीत सिंह सिरसा वाले व रेडियो सिंगर मंगल मंगी (यमला जट्ट) हजरावां वाले ने गुरुवाणी के साथ कीर्तन करके समां बांध दिया। कीर्तन के माध्यम से गुरु गोबिंदसिंह महाराज के जीवन व उनकी कुर्बानियों पर प्रकाश डाला गया। अरदास के बाद कार्यक्रम की समाप्ति पर लंगर चलाया गया।



**हिसार।** उत्तम नगर गुरुद्वारा में कीर्तन करते रागी जत्था भाई इन्द्रजीत सिंह। *फोटो : हरिभूमि*



## शराब पार्टी के दौरान खिड़की से गिरे युवक-युवती

# युवती की मौत, युवक गंभीर, धक्का मुक्की में बीच बचाव कर रहे थे दोनों

मृतक युवती रजनी कलानौर व युवक विकास हिसार का रहने वाला था

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

श्री काली देवी मंदिर मार्ग स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम के समीप शनिवार देर रात एक कार्यालय के ऊपर बने कमरे में चल रही शराब पार्टी के दौरान दो युवकों के बीच हुए विवाद के बाद एक युवक और युवती खिड़की से नीचे गिर गए। जिससे युवती की मौत हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, युवक व युवती को पार्टी में शामिल अन्य युवकों ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया जबकि युवक की हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया। घायल युवक को हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर डीएसपी विनोद शंकर, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच घटनास्थल की जांच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवाया। पुलिस ने युवती के पिता के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।मृतका युवती की पहचान कलानौर क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय रजनी के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल युवक 25 वर्षीय विकास न्यू सुभाष नगर कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार चार युवक और एक युवती शराब पार्टी कर रहे थे कि नशे की हालत में दो युवकों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी और बीच बचाव करने आए युवक-युवती संतुलन खो बैठे और खिड़की से सड़क पर आ गिरे।



हांसी। घटनास्थल स्थल पर मामले की जांच करते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह व फोरेंसिक टीम। *फोटो: हरिभूमि*



हांसी। दुकान के बने कमरे की खुली वह खिड़की जहां से नीचे गिरे थे युवक-युवती। *फोटो: हरिभूमि*

### कार में सवार होकर आए थे युवक-युवती

खिड़की से युवक-युवती के नीचे गिरने की घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि युवक-युवती अपने 3 दोस्तों के साथ एक कार में सवार होकर यहां आए थे। युवक-युवती के खिड़की से गिरने के बाद वही युवक उन्हें एक वाहन में डालकर वहां से ले जा रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने का प्रयास कर रही है।

### परिजनों को सौंपा शव

शहर थाना प्रभारी सुखजीत सिंह ने बताया कि युवती के परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

# सर्वजातीय सिंहमार खाप नशे पर लगाएगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

सर्वजातीय सिंहमार खाप समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए जल्द ही बड़ा अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। यहां आयोजित खाप की बैठक में फैसला लिया गया कि युवाओं को नशा न करने के लिए प्रेरित करने का काम किया जाएगा। खाप पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए भी काम करेगी। बैठक की अध्यक्षता खाप के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश एमसी ने की। उन्होंने बताया कि बैठक का आयोजन समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के किया गया। सबसे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस पर उनको बधाई दी गई। आज युवा पीढ़ी रास्ते से भटक रही हैं। इसलिए हम सबको मिलकर समाज में नशे के विरुद्ध क्रांति लानी होगी तभी ये बुराई समाज से मिट सकेगी। इसके लिए सभी लोगों को एकजुट होकर काम करना होगा। जो लोग नशे के कारोबार करते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। इस अवसर पर खाप के संस्थापक धर्मवीर सिंहमार, युवा प्रधान सचिन कुमार, प्रवक्ता कृष्ण कुमार, संदीप, चरण सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



नारनौंद। लोगों को जागरूक करते सिंहमार खाप के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

